कार्यालय प्रधान आयुक्त
OFFICE OF THE PRINCIPAL COMMISSIONER
माल और सेवाकर आयुक्तालय लुधियाना
GOODS & SERVICES TAX COMMISSIONERATE, LUDHIANA
जीएसटी भवन,ऋषि नगर ,ब्लॉक-एफ ,लुधियाना- 141001
GST BHAWAN, F-BLOCK, RISHI NAGAR, LUDHIANA- 141001
दूरभाष/TELE: 0161-2679421 फैक्स/FAX: 0161-2304881; ईमेल-/Email: admnhqldh@gmail.com

सत्यमेव जयते

NATION TAX MARKET

फ. स.-I-22(1)हिंदी /मु./लुधि./2018/ 3101-36 दिनांक:- 3/8/18

सेवा में,

अपर आयुक्त, माल और सेवा कर उपाआयुक्तालय-मोहाली,
उपायुक्त/सहायक आयुक्त, माल एवं सेवा कर, मण्डल
उत्तर/ केन्द्रीय/ पूर्व /दक्षिण-लुधियाना,
मोगा/बठिंडा-I/बठिंडा-II/खन्ना/बरनाला/फ़िरोज़पुर/मुक्तसर साहिब/
संगरूर/मंडी गोबिन्द गढ़ ।
सभी शाखाध्यक्ष, माल एवं सेवा कर आयुक्तालय, लुधियाना।

महोदय/महोदया,

विषय :- दिनांक 25.06.2018 को ~~संपन्न~~ संपन्न राजभाषा कार्यान्वयन समिति, माल और सेवा कर आयुक्तालय, लुधियाना की तिमाही बैठक के कार्यवृत के अनुपालन के संदर्भ में।

माल और सेवा कर आयुक्तालय, लुधियाना की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक श्री आशुतोष बरनवाल, आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 25.06.2018 को सम्पन्न हुई। बैठक के कार्यवृत सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

अनुरोध है की बैठक मे लिए गए निर्णयो का पालन किया जाए तथा इस संबंध मे की गयी कारवाई की पेरावार रिपोर्ट 7 दिन के भीतर इस कार्यालय को भेजे ताकी आयुक्त महोदय को सुचित किया जा सके।

भवदीया

2/8/18

संयुक्त आयुक्त

का. प्रति.

प्रति सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. अपर आयुक्त, निरीक्षण महानिदेशालय, माल और सेवा कर आयुक्तालय, डी ब्लॉक, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट ,नई दिल्ली |
2. उपनिदेशक, कार्यान्वयन, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, राजभाषा विभाग ,गृह मंत्रालय ,कमरा सं.302,सी जी ओ भवन ,कमला नेहरू पार्क , गाजियाबाद |
3. महासचिव, केंद्रीय सचिवालय, हिन्दी परिषद, एक्स वाई 68 ,सरोजनी नगर ,नई दिल्ली |
4. सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, आयकर आयुक्त (केंद्रीय) कार्यालय , आयकर भवन ऋषि नगर ,लुधियाना |
5. मुख्य आयुक्त , केन्द्रीय माल और सेवा कर आयुक्तालय, सैक्टर -17,चण्डीगढ़|
6. सहायक निदेशक, राजभाषा, माल और सेवा कर आयुक्तालय, सैक्टर - 17,चण्डीगढ़|
7. आयुक्त , माल और सेवा कर आयुक्तालय, अमृतसर |
8. आयुक्त , माल और सेवा कर आयुक्तालय, सैक्टर -17, चण्डीगढ़-I|
9. आयुक्त , माल और सेवा कर आयुक्तालय, जम्मू कश्मीर |
10. आयुक्त, माल और सेवा कर आयुक्तालय, लुधियाना |
11. आयुक्त, माल और सेवा कर आयुक्तालय, जालंधर |
12. अपर निदेशक, निष्पादन प्रबंधन महानिदेशालय, सीमा शुल्क, माल और सेवा कर आयुक्तालय, नई दिल्ली-110002 .

प जी 2/8/18

संयुक्त आयुक्त

का. प्रति.

— माल और सेवा शुल्क आयुक्तालय, लुधियाना की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक श्री आशुतोष बरनवाल, आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 25.06.2018 को आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित थे।

क्र.सं.	नाम श्री/श्रीमती	पदनाम
1.	आशुतोष बरनवाल	आयुक्त
2.	हरदीप सिंह	अपर आयुक्त
3.	लक्ष्य कुमार	उपायुक्त
4.	नीरज सोई	उपायुक्त
5.	दलजीत कौर	उपायुक्त
6.	मंजोत कौर	उपायुक्त
7.	मनदीप कुमार बातिश	उपायुक्त
8.	अमरीक सिंह	सहायक आयुक्त
9.	कन्नव शर्मा	सहायक आयुक्त
10.	हरदीप सिंह	सहायक आयुक्त
11.	विकास वर्मा	सहायक आयुक्त
12.	घनश्याम जेफ	सहायक आयुक्त
13.	सुनीतिन्द्र सिंह आहलुवालिया	सहायक आयुक्त
14.	रोशन लाल	सहायक आयुक्त
15.	वरुण सिंगला	सहायक आयुक्त
16.	आर.के. गुप्ता	सहायक आयुक्त
17.	पी.के.पाराशर	सहायक आयुक्त
18.	आर.एस. मान	सहायक आयुक्त
19.	तानिया बैंस	सहायक आयुक्त
20.	मन्दार शारदा	प्रशासनिक अधिकारी
21.	नीनू कालरा	प्रशासनिक अधिकारी
22.	रेनू शर्मा	प्रशासनिक अधिकारी
23.	देवेन्द्र कुमार	कर सहायक
24.	कुलदीप	कर सहायक
25.	कृष्णा कुमार	कर सहायक

सर्वप्रथम आयुक्तालय लुधियाना की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सदस्या श्रीमति मन्दार शारदा, प्रशासनिक अधिकारी ने अध्यक्ष महोदय तथा समिति में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की शुरुआत की और पिछली तिमाही बैठक के कार्यवृत व माननीय अध्यक्ष महोदय के द्वारा दिये गए आदेशो पर कार्यवाई पर चर्चा की गयी।

1. 31.03.2018 को समाप्त तिमाही की हिन्दी रिपोर्ट की समीक्षा

31.03.2018 को समाप्त तिमाही के आंकड़ों को समीक्षा के लिए समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति को सूचित किया गया कि इस तिमाही में हिन्दी पत्राचार की प्रतिशतता 88.91 है जोकि पिछले तिमाही की प्रतिशत से कम है और इस पर आयुक्त महोदय ने निर्देश दिये है कि हिन्दी पत्राचार की प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाए। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जाये कि एक बार जो प्रतिशत प्राप्त कर ली जाये उसमे कमी नहीं होनी चाहिए | अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों को अधिक से अधिक हिन्दी में ही कार्य करने के लिए प्रोत्सहित किया |

31.03.2018 को समाप्त तिमाही के आंकड़ों के अनुसार उप आयुक्तालय मोहाली, मण्डल- बरनाला, फ़िरोज़पुर, मुक्तसर साहिब, संगरूर, भटिंडा-I, भटिंडा-II, शाखा- लेखा परीक्षा और तकनीकी के जो आंकडे रिपोर्ट मे दिये है उसमे हिन्दी पत्रों की प्रतिशतता 90 से कम है जिस पर आयुक्त महोदय ने आपति जताई है और उनको ये आदेश दिया गया है की वो आगे इसका ध्यान रखे और हिन्दी पत्रों की प्रतिशतता 90% से कम ना हो। भविष्य में प्रत्येक त्रेमासिक रिपोर्ट में 'ख' क्षेत्र को जारी किए गए पत्रो की प्रतिशतता में कमी के कारण व टिप्पणी भी दी जाए।

(कार्यवाही उप आयुक्तालय/सभी मण्डल/शाखाध्यक्ष)

2. समय पर हिन्दी रिपोर्ट भेजना

सदस्य सचिव ने बताया की हिन्दी रिपोर्ट अभी भी समय पर हिन्दी शाखा मे प्राप्त नहीं हो रही है। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि सभी शाखा /मंडल अधिकारी यह सुनिश्चित करे हिन्दी की तिमाही रिपोर्ट तिमाही समाप्त होने के 5 दिन अंदर अवश्य ही हिंदी शाखा को प्रेषित कर दे |

(कार्यवाही उप आयुक्तालय/सभी मण्डल/शाखाध्यक्ष)

3. पिछली तिमाही की बैठक में आयुक्त महोदय द्वारा आदेश किए गए विषयो की अनुपलना

सदस्य सचिव ने बताया की पिछली तिमाही की बैठक में आयुक्त महोदय द्वारा आदेश किए गए विषयो की अनुपलना की जा रही है जो की निम्नलिखित है

- अधिक प्रयोग में लाए जाने वाले शब्दो को फ़ाइल पर द्विभाषी में प्रिंट करवाना।
- सूचना पट्ट पर 'आज का हिन्दी शब्द' लिखना।
- प्रत्येक शाखा में तकनीकी शब्दो की सूची पटिका उपलब्ध करवाना ।
- कम्प्युटर में हिन्दी शब्दावली का स्क्रीन सेवर प्रयोग में लाना ।
- नराकास द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओ में भाग लेना ।
- प्रत्येक तिमाही बैठक आयुक्तालय में होने वाली रेविन्यू बैठक के साथ ही की जाए ।

4. <u>राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु उपयोग पर चर्चा</u>

अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु मुख्यालय में पुस्तकालय की स्थापना करने व इस के लिए पुस्तकों की खरीद करने के लिए कहा गया और यह भी निर्देश दिया गया कि सभी मंडलाध्यक्ष व मुख्यालय में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी पुस्तकालय में प्रयोग की जाने वाली पुस्तकों की सूची प्रशासन शाखा को दे सकते है।

(कार्यवाही उप आयुक्तालय/सभी मण्डल/शाखाध्यक्ष)

5. <u>हिन्दी पत्राचार बढ़ाने हेतु अग्रेषण पत्र हिन्दी में जारी करना</u>

अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिए गए की अग्रेषण पत्र केवल और केवल हिन्दी में ही जारी किए जाए जिससे हिन्दी की प्रतिशत को बढ़ावा मिले ।

(कार्यवाही उप आयुक्तालय/सभी मण्डल/शाखाध्यक्ष)

6. <u>दिनांक 23 व 24 जुलाई 2018 को उपनिदेशक (राजभाषा) सतर्कता महानिदेशालय द्वारा किए जाने वाले वार्षिक निरीक्षण के बारे में चर्चा</u>

उपरोक्त विषय में अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिए की मुख्यालय में अग्रेषित पत्र के साथ संलगन प्रोफॉर्मा के अनुसार सभी शाखाओ को हिन्दी के रजिस्टर/फ़ाइल/सेवा पत्रिका में हिन्दी प्रविष्टियाँ पूर्ण करने को कहा गया।

(कार्यवाही उप आयुक्तालय/सभी मण्डल/शाखाध्यक्ष)

प जी 2/8/18

संयुक्त आयुक्त